**अवधि :०२ घंटे** **पूर्णांक : ६०**

**सूचना : १ सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

**२. सभी प्रश्नों के उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रमांक और उपक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** २०

**(क)** "बाँभण साहि समदिया बीसलराइ|
हांसला तेजीय नइ कुलइ कबाइ|
दीन्हउ छइ सोनउ सोलहउ|
पाट पटंबर पाका जी पान |
कर जोड़ी राजा भणइ|
आगलइ राव सिउं राषिज्यों मांम" ||भू.||

**(ख)** "जो खोदाय मसजीद बसतु हैं और मुलुक केहि केरा |
तीरथ-मूरत राम-निवासी बाहर करे को हेरा |
पूरब दिसा हरी कौ वासा पच्छिम अलह मुकामा |
दिल में खोज दिलहि में खोजौ इहै करीमा-रामा |
जेते औरत-मरद उपानी सो सब रूप तुम्हारा |
कबीर पोंगडा अलह-राम का सो गुरु पीर हमारा ||
जबहिं दीप नियरावा जाई, कबिलास निअर भा आई ||"

**(ग)** "जबहिं दीप नियरावा जाई, जनु कबिलास निअर भा आई ।।
घन अमराउँ लाग चहुँ पासा । उठा भूमि हुत लागि अकासा ।।
तरिवर सबै मलयगिरि लाई । भइ जग छाँह रैन होइ आई ।।
मलय समीर सोहावन छाहाँ । जेठ जाड़ लागै तेहि माहाँ ।।
ओही छाँह रैन होइ आवै । हरियर सबै अकास दिखावै ।।
पथिक जो पहुँचे सहि कै घामू । दुख बिसरै, सुख होइ बिसरामू ।।
जेइ वह पाई छाँह अनूपा । फिरि नहिं आइ सहै यह धूपा ।।
अस अमराउ सघन घन, बरनि न पारौ अंत ।
फूलै फरै छाँव ऋतु, जानहु सदा बसंत ।।"

**प्रश्न २. निम्नलिखित में से किन्ही दो दीर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ३०

**(च)** बीसलदेव रासो के काव्य सौंदर्य और उसकी भाषा पर प्रकाश डालिए ।

**(छ)** कबीर वाणी के डिक्टेटर है सिद्ध कीजिए |

**(ज)** जायसी ने पद्मावत में प्रतीकों का सुंदर संयोजन किया है स्पष्ट कीजिए |



XSAGARDADMINYD9819CXSAGARDADMINYD9819C

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखिए |** **१०**

१. राजमती के पिताजी कहाँ के राजा थे?
२. पत्नी से नाराज बीसलदेव बारह वर्षों तक कहाँ थे?
३. राजमती के अनुसार उड़ीसा की झीलों से क्या निकलता था?
४. 'भक्तमाल की टीका' के रचयिता है?
५. कबीर को वाणी का डिक्टेटर किस विद्वान ने कहा है?
६. हिन्दी साहित्य में उलटवासी शब्द का प्रयोग किस काल में हुआ?
७. कबीर कौन-सा व्यवसाय करते थे?
८. पद्मावत नामक काल खण्ड में कुल कितने अध्याय है?
९. पद्मावत महाकाव्य कौनसी भाषा में लिखा गया है?
१०. पद्मावती को किस रूप में अभिव्यक्त किया गया है?

**********



XSAGARDADMINYD9819CXSAGARDADMINYD9819C